# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – द्वितीय इकाई
# हिन्दी – कक्षा 5
# सत्र : 2025-26

**निर्धारित समय: 1 घंटा** **अधिकतम अंक: 20**

**सामान्य निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में **3** मुद्रित पृष्ठ हैं।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त **10** मिनट का समय दिया जाएगा। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल **8** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न संख्या **1, 4, 5, 6** एवं **7** प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या **2** के लिए **3** अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या **3** के लिए **6** अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या **8** के लिए **1** अंक निर्धारित किया गया है।

---

**प्रश्न 1. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए -** **(2)**

(क) रानी दुर्गावती के हाथी का क्या नाम था।

(i) दरबन् ( ) (ii) सरमन ( ) (iii) हरबन ( )

(ख) छोटी चिड़िया कहाँ बंद थी?

(i) घर में ( ) (ii) पिंजरे में ( ) (iii) बक्से में ( )

(ग) आर्यन के पिताजी ने उसे किसकी कहानी सुनाई?

(i) रानी लक्ष्मीबाई ( ) (ii) रानी चेन्नम्मा की ( ) (iii) रानी दुर्गावती की ( )

(घ) सुरेखा के घरेलू सहायक का क्या नाम था ?

(i) राम ( )  (ii) राजू ( )  (iii) रघु ( )

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -** (3)

निवृत्त ____________ पग़ार ____________

शारदीय ____________ आक्रामक ____________

अंकुरित ____________ प्रभाव ____________

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (6)

(क) चिड़िया पिंजरे के अंदर प्रसन्न क्यों नहीं है?

(ख) मानव का लाड़-प्यार चिड़िया को क्या नहीं दे सकता?

(ग) अंतिम समय में रानी ने आधार सिंह से क्या कहा?

(घ) विवेक किस पद से और कब सेवानिवृत्त हुए?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए -** (2)

(क) वीचार ____________ (ख) नारयिल ____________

(ग) पछिले ____________ (घ) शांती ____________

**प्रश्न 5. खाली स्थान भरिए -** (2)

(क) बेंच को साफ सुथरा रखना हमारी ____________ है।

(ख) सरकार ने यह ____________ लिया है कि पुराने नोट बंद किए जाए।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए -** (2)

(क) सवेरा ____________

(ख) मनुष्य ____________

**प्रश्न 7. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए -** **(2)**

(क) प्र + काश ____________________

(ख) प्र + सार ____________________

(ग) प्र + कृति ____________________

(घ) प्र + चार ____________________

**प्रश्न 8. धावा बोलना मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए -** **(1)**